कोलकाता, चेन्नई, जयपुर के बाद इंदौर में ट्रैफिक सिग्नल नेट

लेंटर्न चौराहे पर रेड लाइट सिग्नल पर वाहन चालकों के लिए लगी ग्रीन नेट

तारीफे काबिल : एमआईसी सदस्य नंदू पहाड़िया ने की वाहन चालकों को धूप से बचाने की पहल

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9584460010

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और इससे बचने के अलग-अलग उपाय करते लोग सोशल मीडिया पर रील में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह से ट्रैफिक सिग्नल पर वाहन चालकों को धूप से बचाने के लिए पिछले दिनों चेन्नई की सड़कों पर ग्रीन नेट लगाई गई, जिसकी रियल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। इसके बाद कोलकाता और जयपुर के वीडियो भी सामने आए। इसी से प्रेरणा लेकर नगर निगम के एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने अपने वार्ड के सभी बड़े ट्रैफिक सिग्नल पर ग्रीन नेट लगाने का निर्णय लिया। शुरुआत में लेंटर्न चौराहे पर उन्होंने ग्रीन नेट लगाए। इसके बाद 42 डिग्री पार में सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार करने वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने हाईकोर्ट और मालवा मिल चौराहे पर भी इसी तरह की ग्रीन नेट लगाने का निर्णय लिया है।

धूप से बचाव के लिए जरूरी... ग्रीन नेट लगवाने पर नंदू पहाड़िया की हो रही सराहना।

एमआईसी सदस्य नंदू पहाड़िया ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है और जब उन्होंने वीडियो रियल में सिग्नल पर ग्रीन नेट लगी देखी तो उन्हें भी दो पहिया वाहन चालक जो सिग्नल पर एक से दो मिनट तक सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार करते हैं, उन्हें धूप बचाने की प्रेरणा मिली। इसके बाद लेंटर्न चौराहे पर ग्रीन नेट लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस छोटे से काम के लिए उन्हें बड़ी सराहना मिली और सामाजिक संगठन भी अब उनके समक्ष चौराहों पर ग्रीन नेट लगाना चाहते हैं। इसके लिए जैन समाज और अग्रवाल समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन भी सामने आए हैं। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए अब पूरे शहर के बड़े चौराहे... जहां पर अधिक समय तक लोगों को सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार करना पड़ता है, वहां ग्रीन नेट महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मार्गदर्शन में लगाई जाएगी।

...तो मालवा को मरुस्थल बनने में देर नहीं लगेगी

पर्यावरणविद् जनक पलटा ने कहा कि हमने घर तो ठंडे करने के लिए ऐसी तो लगा लिए हैं। गाड़ी से लेकर घरों तक एसी की सुविधा है। हम अपने बारे में सोच रहे हैं। यह तापमान बढ़ा नहीं है, बल्कि हमनें बढ़ाया है। प्रकृति का साथ नाइंसाफी की है, जिसका परिणाम है कि आज प्रकृति अपना विकराल रूप दिखा रही है। रोज हजारों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। उसी क्षमता के अनुसार पेड़ लग नहीं रहे हैं। शहर में पीने तक पानी नहीं है। प्रकृति का अपना एक डिजाइन है। हम प्रकृति के अनुसार नहीं, बल्कि प्रकृति को अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं, जिसका परिणाम यह है कि मालवा की रातों से सुहानापन तेजी से नदारद होने लगा है। वे वैसी नहीं रही, जैसी हुआ करती थी। इन रातों से ठंडापन अब गायब हो चला है। इसके जिम्मेदार एक हद तक तो आप-हम भी हैं न? कब तक कुदरत को दोष देंगे हम? अभी न जागे तो मालवा को मरुस्थल बनने में देर नहीं लगेगी।

भीषण गर्मी....अब शब-ए-मालवा गायब, ना दिन में चैन और न रात में

हाय गर्मी! पहली बार इस सीजन में पारा 43.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। ऐसे में शब-ए-मालवा की लोकोक्ति ने अब मालवा तक आते-आते दम तोड़ दिया है। कहा जाता था कि मालवा की रातें पूरे देश में बेमिसाल रहा करती थीं। मालवा की रातों को लेकर बना वो मिथक भी टूट गया, जो कहता था कि मालवा अंचल दिन में कितना भी तप ले, लेकिन यहां की रातें ठंडी हुआ करती हैं। अब इन रातों में कहां बचा ठंडापन? 29 डिग्री तक तप रही हैं मालवा की वो रातें, जो कभी सुहानी ही होती थीं। 29 डिग्री रात का तापमान यानि ठंड के मौसम में जितना तापमान दिन का होता है, उतना गर्मी के इस मौसम में रात को हो चला। पिछले एक सप्ताह में सूरज की तपिश से लोग पसीना-पसीना हो गए हैं। पारा 43 से 44 डिग्री के बीच चल रहा है, वहीं रात का पारा भी 29 डिग्री सेल्सियस है। ऐसे में पंखे तो बेअसर हो गए हैं... कूलर और एसी के भरोसे ही इस गर्मी से बचने के प्रयास लोग कर रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। सुबह 12 से 3 के बीच सड़कें सूनी दिखाई दे रही हैं। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर आ रहे हैं। शाम के समय बादल छाने से उमस बढ़ जाती है, जिसके चलते बेचैनी हो रही है, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने के लिए एडवाइजरी भी जारी की है।

गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पिएं पानी

बढ़ते तापमान को देखते हुए लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस सैत्या ने कहा है कि गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें। शराब व केफिन के सेवन से बचें। ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढंके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने। बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें, दिन में दोपहर 12 से शाम 4 के मध्य बाहर जाने से बचें। धूप में नंगे पांव न चलें। बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें। धूप में निकलने से पहले कम-से-कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं। बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है।

दृष्टिबाधित छात्रा को नहीं दिया अतिरिक्त समय, विवि में की शिकायत

इंदौर। दिव्यांग और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अतिरिक्त समय देने का नियम है, मगर परीक्षा केंद्र इसका पालन नहीं करते हैं। ऐसी ही शिकायत दृष्टिबाधित छात्रा ने की है।

मंगलवार एमबीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई है। देवास से दृष्टिबाधित छात्रा परिधि महाजन अटल बिहारी वाजपेयी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज (जीएसीसी) में पेपर देने पहुंची। वह अपने साथ राइटर लेकर आई थी। छात्रा परिधि ने बताया कि सुबह 11 से 2 बजे तक पेपर था। पेपर में अतिरिक्त समय मांगा तो शिक्षिका ने साफ मना कर दिया, जिसकी शिकायत छात्रा ने विवि सहायक कुलसचिव डॉ. विष्णु मिश्रा से की है। इस संबंध में डॉ. मिश्रा का कहना है कि दिव्यांग व दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को 30 मिनट का अतिरिक्त समय देने का प्रावधान है। इस संबंध में कॉलेज को नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा, वहीं इस मामले में कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि छात्रा कोई राइटर लेकर नहीं आई थी, बल्कि स्वयं पेपर लिख रही थी। इसके चलते अतिरिक्त समय नहीं दिया।

क्रिएट स्टोरीज एनजीओ के वेबिनार में देवयानी ने वर्चुअल लाइफ में छूटते रिश्ते पर की चर्चा

वर्चुअल वर्ल्ड में मौजूदगी बन रही शान, खत्म हो रहे इमोशंस : हाड़ा

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

यह सच है कि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी के अहम् हिस्से बन गए हैं। सोशल मीडिया के जरिए हम सात समंदर पार बैठे इंसान से जुड़े हैं, लेकिन अपने असल रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं। यह बात 'वर्चुअल लाइफ में छूटते रिश्ते' विषय पर हुई एक चर्चा में स्प्रिचुअल गाइड देवयानी हाड़ा ने कही।

क्रिएट स्टोरीज एनजीओ के वेबिनार में देवयानी हाड़ा ने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में रहते हुए एक-दूसरे से जुड़े रहने का सोशल मीडिया बहुत अच्छा साधन है। एक बेहतरीन मार्केटिंग टूल के साथ यहां जानकारियां भी हमें आसानी से मिल जाती हैं, लेकिन इन सबके साथ हमें इसका दुष्प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। छोटे बच्चे भी इन दिनों सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं, ऐसे में इसके माध्यम से उनके पास कई ऐसी जानकारियां पहुंच रही हैं, जो नहीं पहुंचना चाहिए।

लोगों तक पहुंच रही निजी जानकारी- सोशल मीडिया ने हम सभी को इस कदर जकड़ लिया है कि इस वर्चुअल वर्ल्ड पर जुड़े लोगों को इंप्रेस करने के लिए हम अपनी कई निजी जानकारियां शेयर कर देते हैं। इसका फायदा साइबर क्रिमिनल उठाने लगे हैं। हम अपनी आदतों के कारण ही बहुत आसानी से साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। युवा पीढ़ी भी अपना कॅरियर बनाने की उम्र में रील्स पर न सिर्फ घंटों तक समय बर्बाद कर रही है, बल्कि बिन बुलाई मौत को भी दावत दे रहे हैं।

खत्म हो रहे इमोशंस- पहले परिवार के सब लोग साथ बैठकर बातें किया करते थे और अपना सुख-दुःख एक दूसरे से बांटते थे। इससे उनके इमोशंस जुड़े रहते थे। अब यह सब सोशल मीडिया के एक मैसेज में सिमट गया है। इमोजी की मदद से रिएक्शन बता दिया जाता है और इमोशन खत्म होते जा रहे हैं।

नई क्रिमिनल लॉ की बारीकियां सीखेंगे भावी वकील

इंदौर। स्कूल ऑफ लॉ आईपीएस अकादमी में नए क्रिमिनल लॉ पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 23 और 24 में को होने वाली कार्यशाला में भावी वकील नए क्रिमिनल लॉ की बारीकियां सीखेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईपीएस अकेडमी राजेंद्रनगर में होगा। कॉलेज की प्राचार्य रूपाली शर्मा ने बताया कि संसद में नया क्रिमिनल लॉ पास हो चुका है और यह कानून अब लागू होने वाला है। इस कार्यक्रम का मकसद जुलाई से लागू हो रहे नए क्रिमिनल लॉ से कानून के छात्रों को अवगत कराना है, ताकि वह नए कानून के तथ्यों को समझ सकें। यह कार्यक्रम लॉ के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स के लिए पूरी तरह फ्री है। स्टूडेंट्स इस कार्यक्रम में शिरकत कर अपना ज्ञानवर्द्धन कर सकते हैं।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी3, वाईफ़ाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र- 400604

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	जेएमके बेवरेजेज एंड एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड/ श्री अतुल खराल/ श्रीमती सरोज खराल 421105000188	सर्वे क्रमांक 1199/2, पी. एच. क्रमांक 45, ग्राम बिलारा, तहसील शिवपुरी, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश/ मई 17, 2024	जुलाई 20, 2023 रु. 57,64,834.00/-	इंदौर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 23, 2024
स्थान : इंदौर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ना शक्ति-ना मुक्ति... भक्त तो केवल भक्ति चाहता है: आचार्य विजय कुलबोधि

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

रावण के पास शक्ति थी, फिर भी पराजित हुआ और राम के पास भक्ति थी, इसलिए वे विजयी हुए। भक्त को न शक्ति चाहिए और न मुक्ति चाहिए, उसे तो केवल अपने भगवान की भक्ति की ही चाह होती है। भगवान शब्द में ही भगवान बनने का राज छिपा हुआ है। भ यानि भला, ग यानि गरम, वा मतलब वात्सल्य और न का मतलब नम्र होना। जिस इंसान में ये चार गुण विद्यमान होते हैं, वही भगवान बनने योग्य होता है। उक्त विचार कालानी नगर में आयोजित धर्मसभा में आचार्य विजय कुलबोधि सूरीश्वर मसा ने सभी श्रावक-श्राविकाओं को प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए।

श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ मूर्तिपूजक ट्रस्ट अध्यक्ष विजय मेहता एवं कल्पक गांधी ने बताया कि कालानी नगर में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन माला के अंतिम दिन आचार्यश्री ने हम कैसे बनें भगवान विषय पर सभी श्रावक-श्राविकाओं को प्रवचनों की अमृत वर्षा की। अंतिम दिन कालानी नगर उपाश्रय में जैनियों को पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करते हुए सभी को निःशुल्क सकोरों का वितरण भी किया गया।

डॉ. चतुर्वेदी अभ्यास मंडल में देंगे व्याख्यान

इंदौर। अभ्यास मंडल द्वारा चलाई जा रही मासिक व्याख्यानमाला के तहत आगामी 29 मई को प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. सुनील चतुर्वेदी का व्याख्यान रखा गया है। कार्यक्रम के संयोजक स्वप्निल व्यास एवं सुनील व्यास ने बताया कि अभ्यास मंडल द्वारा समाज एवं शहर से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यक्रमों सहित मासिक व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत इस माह 29 मई को शाम 6 बजे मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में प्रसिद्ध पर्यावरणविद डॉ. चतुर्वेदी का 'जलवायु परिवर्तन के दौर में जल संरक्षण की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर व्याख्यान रखा गया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम रोहित कुमार मेहता पिता प्रमोद मनोहर मेहता (ROHIT KUMAR MEHTA S/O PRAMOD MANOHAR MEHTA) था, जो कि बदलकर मैंने अपना नाम रोहित मेहता पिता प्रमोद मेहता (ROHIT MEHTA S/O PRAMOD MEHTA) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

ROHIT MEHTA S/O PRAMOD MEHTA
Bombay Hospital ke Pass 498-A, Mahalaxmi Nagar Indore ,Vijay Nagar Indore, M.P. 452010

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मुकेश रामेश्वर अग्रवाल पिता रामेश्वर लाल अग्रवाल (MUKESH RAMESHWAR AGRAWAL S/O RAMESHWAR LAL AGRAWAL) था, जो कि बदलकर मैंने अपना नाम मुकेश अग्रवाल पिता रामेश्वरलाल अग्रवाल (MUKESH AGRAWAL S/O RAMESHWARLAL AGRAWAL) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

MUKESH AGRAWAL S/O RAMESHWARLAL AGRAWAL
Near Apostle College, Ek-49 Scheme No-54, Indore, Indore, M.P. - 452010

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अरुण सिंह परिहार, यह घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम अरुण सिंह के रुप में परिवर्तित कर लिया है, इसलिए अब और भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अरुण सिंह से जाना और पहचाना जाए।

पुराना नाम - अरुण सिंह परिहार
नया नाम - अरुण सिंह

पता:- एफ 1 203, शालीमार स्वयं, एम. आर. 10 भानगढ, विजय नगर, इन्दौर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम आदित्य गोलाश पिता श्री एच.के.गोलाश था। जो नोटरी शैलेश यादव द्वारा शपथ पत्र दिनांक 12.05.2024 के द्वारा अब बदलकर आदित्य कुमार गोलाश हो गया है।

आदित्य कुमार गोलाश
202, मयंक प्राईड ,
चिकित्सक नगर,
इंदौर 452010 (म.प्र.)

घातक हथियारों से अधिक शक्ति प्रेम में है, प्रेम देते और लेते रहो

कालानी नगर उपाश्रय में अंतिम दिन प्रवचनों में आचार्य विजय कुलबोधि सूरीश्वर ने कहा कि सभी घातक हथियारों से ज्यादा ताकत प्रेम में होती है, इसलिए जीवन में प्रेम देते रहो और प्रेम लेते रहो। बिना संबंध का प्रेम और बिना प्रेम का संबंध दोनों में अंतर होता है। जीवन में जो नम्र है यानि नम्रता है, वही जमता है। जो भगवान के सामने झुकता है, वह अच्छा लगता है और जो सभी के सामने झुकता है, वह सभी को अच्छा लगता है। आपने कहा कि भगवान शब्द में ही इंसान से भगवान बनने का रहस्य छिपा हुआ है। आपने कहा कि भगवान के पहले अक्षर भ का अर्थ होता है भला करना यानि जीवन में सबके भले के लिए समर्पित होना। ग यानि कभी गरम या गुस्सा नहीं करना। वा से तात्पर्य वात्सल्य यानि सभी से प्रेम करना और न का अर्थ यानि नम्र होना भगवान बनने की पात्रता है।

25 मई को महेश नगर उपाश्रय में प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी

श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ मूर्तिपूजक ट्रस्ट अध्यक्ष विजय मेहता एवं कल्पक गांधी ने बताया कि आचार्य विजय कुलबोधि सूरीश्वर मसा 25 एवं 26 मई को महेश नगर (राजमोहल्ला) उपाश्रय में प्रवचनों की अमृत वर्षा 9.15 से 10.15 बजे तक करेंगे, वहीं 27 से 28 मई पीपली बाजार उपाश्रय, 29 मई को वर्द्धमान नगर, 30 मई से 1 जून गुमाश्ता नगर, 2 से 3 जून द्वारकापुरी श्रीसंघ, 4 जून पार्श्वनाथ नगर, 5 से 9 जून तिलक नगर श्रीसंघ, 10 से 12 जून अनुराग नगर श्रीसंघ, 13 से 14 जून विजय नगर श्रीसंघ, 15 से 16 जून सुखलिया, 17 से 18 जून क्लर्क कॉलोनी, 19 से 21 जून वल्लभ नगर, 22 से 23 जून पत्थर गोदाम, 24 से 29 जून रेसकोर्स रोड, 30 जून राऊ एवं 1 से 3 जून जानकी नगर श्रीसंघ में आचार्यश्री का मंगल प्रवेश होगा।

मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण करने वाले दो भक्तों का सम्मान

इंदौर। प्रभु की सेवा किसी भी रूप में हो, भक्ति कहलाती है। जिन पर प्रभु की कृपा होती है, उन्हीं के मन में भक्ति महारानी विराजित होकर सत्कर्म व सद्मार्ग प्रशस्त करती है... ऐसे ही साधक व भक्त भक्तिमार्ग में अपने संकल्प के अनुसार अपनी आनंद यात्रा पूर्ण कर पाते हैं। ऐसे साधक, भक्त सदैव प्रणम्य व सम्माननीय हैं। इसी धर्मसम्मत संकल्प के साथ साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था नई कलम ने मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण करने वाले दो भक्तों का सम्मान किया। स्व. ख्यालिराम सोलंकी एवं स्व. रामचन्द्र सोलंकी की पावन स्मृति में संस्था के 'धर्म चेतना विभाग' के अंतर्गत 'भक्त वृन्द सम्मान 2024' से नर्मदा परिक्रमावासी ओमप्रकाश बागड़ी व कुमारी शारदा ठाकुर को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। साहित्य, धर्म व अध्यात्म के मिश्रित आयोजन में दोनों ही भक्तों ने परिक्रमा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। परिक्रमा मार्ग में सेवा भाव से सदैव तत्पर ग्रामीणों को आभार व्यक्त किया, साथ ही नगर के अनेक साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया। कवियों के क्रम में श्रुति मुखिया, अंशुक द्विवेदी, दामोदर विरमाल, सुनील सिपाही, कीर्ति मेहता कोमल, प्रेम सागर, विनोद विनम्र आदि ने काव्यपाठ किया।

CAVEAT NOTICE

Date: 22.05.2024

GENERAL NOTICE information to the general public regarding filing of caveat application in the Hon'ble High Court Principal Seat Jabalpur (M.P.) as well as in Gwalior Bench and Indore Bench too. It is informed to general public by authorized officer [General Manager] through their counsel of the M/S M.P. POWER TRANSMISSION PACKAGE-1, Ltd. Situated at-001 & 002, 5th floor Bansal-1 Rani Kamlapati Railway Station Bhopal-462016, that the M/S. M.P. POWER TRANSMISSION PACKAGE-1 Limited was accorded permission by the Government of M.P. Energy Department Mantralay Vallab Bhawan, Bhopal, U/s-68 of electricity act 2003, by order dated 13/01/2023 bearing no.F-3/02/2020/13, for construction of 400kv/220kv/132kv, over headed lines and development etc, as per annexure in different Districts/areas of Madhya Pradesh as per the terms and conditions and in this regard a caveat is being preferred by M/S. M.P. POWER TRANSMISSION PACKAGE-1, LIMITED, therefore if any writ/petition, appeal/application are preferred by any concerning person/ developers/ builders/ investor and any individual/ society/ labour/ farmer etc, against the aforesaid order therefore aforesaid concerning person either through registered post sent the copy of petition etc. to M/S. M.P. POWER TRANSMISSION PACKAGE-1, limited with all relevant document at their SAMEER SAHU ADVOCATE office so that company may keep it stand before the aforesaid Hon'ble High Court's.

SAMEER SAHU ADVOCATE
Add-G.F.-234, B.D.A. Complex, Shivaji Nagar,
7 No. Bus Stop, Bhopal M.P. 462016. Mo.-9993406064, 8962837034
EMail: advocatesameersahu@yahoo.com

कोटक महिन्द्रा बैंक लि.

kotak

कार्पोरेट पहचान नं. एल65110एमएच1985पीएलसी038137).
पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी27, जी ब्लाक, बांद्रा कुर्ला काम्पलेक्स, बांद्रा(ई), मुम्बई-400 051(महा.)
कार्पोरेट कार्यालय: कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं. 21, इनफिनिटी पार्क, डब्लू.ई. हाइवे, गोरेगांव, मुम्बई-400 097 (महा.)
शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय: कोटर महिन्द्रा बैंक लि., पांचवी मंजिल, मेट्रो टॉवर विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452001

ई- नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी/सह-उधारकर्ता/गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी को गिरवी रखी गई है, जिसका भौतिक कब्जा **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी** द्वारा 22-03-2024 को लिया गया है। जिसे **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जाएगा, अचल संपति की बिक्री के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार, मे. सी। इंडिया प्रायवेट लिमिटेड यानि www.c1india.com के वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाईन जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

ऋणकर्ता(ओं) का नाम/ जमानतदार(रों) का नाम	मांग पत्र दिनांक एवं राशि	सुरक्षित बंधक का विवरण (अचल संपत्ति)
ऋण खाता क्रमांक एलएपी188779486 (सीआरएन क्रमांक 743313703) करन बुक सेटर अपने मालिक श्रीमती पूजा बड़के के माध्यम से ...उधारकर्ता, दुकान नंबर 10, सुभाष चौक पार्किंग खजूरी बाजार इंदौर 452001 एम.पी., मां शारदा साहित्य सदन, अपने मालिक श्री पवन बड़के के माध्यम से ...सह-उधारकर्ता, दुकान नंबर 14, सुभाष चौक पार्किंग खजूरी बाजार इंदौर 452001 म.प्र. श्रीमती पूजा बड़के...सह-उधारकर्ता/मालिक/बंधककर्ता दुकान क्रमांक 10, सुभाष चौक पार्किंग खजूरी बाजार इंदौर 452001 म.प्र. इसके अलावा: फ्लैट नंबर 309, तीसरी मंजिल श्री कल्याणम रेजीडेंसी नंदलालपुरा इंदौर 452001। श्री पवन बड़के ... सह-उधारकर्ता/मालिक/बंधककर्ता दुकान नंबर 10, सुभाष चौक, पार्किंग खजूरी बाजार इंदौर 452001 एम.पी. इसके अलावा: फ्लैट नंबर 309, तीसरी मंजिल श्री कल्याणम रेजीडेंसी नंदलालपुरा इंदौर 452001/गारंटर)	डिमांड नोटिस दिनांक 22 सितंबर 2023, 22 सितंबर 2023 को रु.22,16,230.20/- (रुपये बाईस लाख सोलह हजार दो सौ तीस और बीस पैसे मात्र)	तीसरी मंजिल पर आवासीय संपत्ति अपार्टमेंट नंबर 309 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल 440 वर्गफुट., यानी 40.89 वर्गमीटर वर्तमान नगर पालिका मकान नंबर 34, 35, और 36, नंदलालपुरा इंदौर मध्य प्रदेश में नगर पालिका मकान नंबर 40, 41, और 42 (पुराना नंबर 70 और 66) पर स्थित 'श्री कल्याणम रेजीडेंसी' नामक बहुमंजिला इमारत में। इसकी सीमा इस प्रकार है: पूर्व: हाउस ऑफ अल्लाबेली, पश्चिम: कॉमन पैसेज, उत्तर: अपार्टमेंट नं. 308, दक्षिण: अपार्टमेंट नं. 310.

आरक्षित मूल्य	बयाना जमा राशि (ईएमडी)
Rs. 27,06,000 -/ (रुपये सत्ताईस लाख छह हजार मात्र)	**Rs. 2,70,600/-** (रुपये दो लाख सत्तर हजार छह सौ मात्र)

बोली वृद्धि राशि	अचल संपत्तियों का निरीक्षण दिनांक	नीलामी का दिनांक/समय
Rs. 50,000/-	26/06/2024 11:00 hrs – 12:00 hrs	02/07/2024 11:00 hrs to 12:00 hrs

ऑफर/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि :- 01/07/2024 शाम 5.00 बजे तक

बिक्री के महत्वपूर्ण नियम और शर्तें :

(1) नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों के अनुसार और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, **मेसर्स सी। इंडिया प्रा. लिमिटेड** की वेबसाइट देख सकते हैं यानी **https://www.bankeauctions.com** ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण और बोली प्रपत्र जो आनलाईन जमा किया जाएगा। (2) सभी इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** में अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड मुफ्त में जेनरेट करना होगा। पूर्वोक्त तिथि और समय पर ; (3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार **मेसर्स सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से श्री मिथलेश कुमार मोबाइल नंबर:** 70808 04466 और **ई-मेल आईडी:** mpcg@c1india.com और **support@bankeauctions.com** से संपर्क कर सकते है। (4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि इच्छुक बोलीदाता ऊपर वर्णित या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय पर संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते है और उन्हें ई-नीलामी पर अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकार पर भार, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, चाहे **केएमबीएल** को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को वेब पोर्टल (**https://www.bankeauctions.com**) पर ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण जमा/अपलोड करना होगा। दिल्ली में देय 'कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पते के प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण की रद्द-सत्यापित प्रतियों के साथ जैसा की ऊपर निर्दिष्ट किया गया है। (5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नही होगा।

सरफेसी अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) और 9 (1) के तहत ऋणी/बंधक/गारंटर को एतद्वारा **30 दिनों** का वैधानिक नोटिस दिया जाता है। ताकि देयता का पूर्ण निवर्तन किया जा सके और भुगतान किया जा सके। इस नोटिस की तारीख से तीस दिनो के भीतर अद्यतन ब्याज और व्यय के साथ ऊपर